भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1687

उत्तर देने की तारीख : 03.08.2026

असम में एमएसएमई-आधारित औद्योगिक संवृद्धि

1687. श्री जोगेन मोहन:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विकसित भारत@2047 के दृष्टिकोण के अंतर्गत असम तथा उत्तर पूर्वी क्षेत्र में एमएसएमई-आधारित औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए कोई व्यापक कार्यनीति तैयार की है;

(ख) वर्ष 2021 से असम में स्वीकृत एमएसएमई क्लस्टरों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार चाय, बांस, अगरवुड (अगरु), हथकरघा, खाद्य प्रसंस्करण तथा पेट्रोकेमिकल डाउनस्ट्रीम उद्योगों के लिए नए क्लस्टर स्थापित करने का विचार रखती है; और

(घ) इन पहलों से कितने निवेश तथा रोजगार सृजन की संभावना है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) : सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) ने विकसित भारत @2047 के विजन के अनुरूप असम और पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) में एमएसएमई के नेतृत्व वाले औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक रणनीति अपनाई है। ऋण, प्रौद्योगिकी, कौशल विकास, अवसंरचना और क्लस्टर विकास तक पहुंच को सुगम बनाने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार अपनी विभिन्न स्कीमों और नीतिगत पहलों के माध्यम से राज्य सरकारों के प्रयासों में सहायता प्रदान करती है। इनमें प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी योजना (सीजीएस), आत्मनिर्भर भारत (एसआरआई) कोष, सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी), एमएसएमई कार्य-निष्पादन का उत्थान और गतिवर्द्धन (रैंप) और प्रौद्योगिकी केंद्र (टूल रूम और तकनीकी संस्थान) शामिल हैं। असम को तुलनात्मक लाभ प्रदान करने वाले क्षेत्रों जिनमें चाय, बांस, अगरवुड, हथकरघा, खाद्य प्रसंस्करण और डाउनस्ट्रीम पेट्रोकेमिकल उद्योग शामिल हैं, पर विशेष बल दिया जा रहा है।

इसके अलावा, मंत्रालय पूर्वोत्तर क्षेत्र और सिक्किम में एमएसएमई के संवर्द्धन के लिए एक समर्पित योजना लागू कर रहा है, जिसे वर्ष 2016 में शुरू किया गया था। यह योजना विनिर्माण, परीक्षण, पैकेजिंग, अनुसंधान और विकास, उत्पाद और प्रक्रिया नवाचार और कौशल विकास को सहायता प्रदान करने के लिए अवसंरचना और सामान्य सुविधाओं के निर्माण और उन्नयन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। वर्ष 2021 से, असम राज्य के लिए कुल 243.54 करोड़ रुपए की परियोजना लागत के साथ कुल 14 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई थी, जिसमें से भारत सरकार द्वारा स्वीकृत अनुदान सहायता 166.83 करोड़ रुपए है और अब तक भारत सरकार की कुल 85.665 करोड़ रुपए की अनुदान सहायता जारी की गई है। विवरण **अनुबंध** के रूप में संलग्न है।

(ख) और (ग) : मंत्रालय असम और पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित, देश भर में सूक्ष्म और लघु उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए मांग-आधारित केंद्रीय क्षेत्र की एक योजना, सूक्ष्म और लघु उद्यम-क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) को लागू करता है। यह योजना एमएसएमई की प्रौद्योगिकी, उत्पादकता, बाजार तक पहुंच और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार के लिए सामान्य सुविधा केंद्रों (सीएफसी) और अवसंरचना विकास (आईडी) परियोजनाओं की स्थापना के लिए सहायता प्रदान करती है। तदनुसार, चाय, बांस, अगरवुड, हथकरघा, खाद्य प्रसंस्करण, डाउनस्ट्रीम पेट्रोरसायन उद्योगों और अन्य क्षेत्रों में क्लस्टर विकास के प्रस्तावों पर पूर्वोत्तर क्षेत्र की संबंधित राज्य सरकारों से पूर्ण प्रस्ताव प्राप्त होने और योजना दिशा-निर्देशों के तहत उनकी पात्रता के अध्यधीन विचार किया जाता है।

(घ) : इस पहल से क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधन आधार, पारंपरिक कौशल और उद्यमशीलता क्षमता का उपयोग करके असम और पूर्वोत्तर क्षेत्र में पर्याप्त निवेश और रोजगार के अवसर सृजित किए जाने की उम्मीद है। हालांकि, उनके प्रभाव की सीमा अनुमोदित परियोजनाओं की प्रकृति और बुनियादी ढांचे और सृजित सामान्य सुविधाओं के प्रभावी उपयोग पर निर्भर करेगी।

****

					अनुबंध
	वर्ष 2021 से असम में योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची				
क्र.सं.	**परियोजना का नाम**	**कुल परियोजना लागत (करोड़ रु. में)**	**भारत सरकार अनुदान (करोड़ रु. में)**	**भारत सरकार द्वारा जारी (करोड़ रु. में)**	**पूरा किया गया/ चल रहे**
1	चेंगा, बहरी, डीएजी नंबर 262, विलेज मनेरी, रेवेन्यू सर्कल- चेंगा, बारपेटा, असम में न्यू इंडस्ट्रियल एस्टेट	12.07	10.86	5.43	चल रहे
2	न्यू इंडस्ट्रियल एस्टेट 2, धेमाजीबारी, बिश्वनाथ चरियाली, असम	31.54	13.5	12.15	चल रहे
3	एकीकृत बुनियादी ढांचा विकास केंद्र आईआईडीसी, सिलापाथर, धेमा, असम का उन्नयन	11.75	9	4.5	चल रहे
4	दाग नंबर 187, गांव ताजपुर किट्टे कुकुरदी, कुशियारकुल, मैज़ग्राम, करीमगंज, असम में न्यू इंडस्ट्रियल एस्टेट	13.3	11.97	5.985	चल रहे
5	एकीकृत बुनियादी ढांचा विकास केंद्र, तीताबोर, जोरहाट, असम का उन्नयन	10.82	9	4.5	चल रहे
6	नाडुआर राजस्व सर्कल के तहत दिघालीचापारी, जमुगुरीहाट में न्यू इंडस्ट्रियल एस्टेट, सोनितपुर, असम	18.85	13.5	6.75	चल रहे
7	**मौजूदा परिसर, मांजा, कार्बी-आंगलोंग, असम में बुनियादी ढांचे की विकास सुविधाओं का उन्नयन**	**10**	**9**	**8.1**	**पूरा किया गया**
8	न्यू इंडस्ट्रियल पार्क, टिंगखोन, डिब्रूगढ़, असम का विकास	25.01	13.5	6.75	चल रहे
9	न्यू इंडस्ट्रियल पार्क का विकास, गांव बोरी अंगरकाटा, मौजा कुमारीकाटा, राजस्व सर्कल, तमुलपुर असम	21.65	13.5	6.75	चल रहे
10	औद्योगिक पार्क सेफिंजुरी, करीमगंज, असम	18.74	13.5	6.75	चल रहे
11	न्यू इंडस्ट्रियल पार्क, उधरबंद, असम का विकास	19.59	13.5	0	चल रहे
12	चबुआ, डिब्रूगढ़, असम में फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स	22.16	13.5	6.75	चल रहे
13	आईआईडी सेंटर बंदरदेवा आईआईडी सेंटर पीओ-पथलीपहाड़ लखीमपुर, असम का उन्नयन	11.32	9	4.5	चल रहे
14	असम के धुबरी के चापोर में एक नए औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना।	16.74	13.5	6.75	चल रहे
कुल		**243.54**	**166.83**	**85.665**	